# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :आर.ओ./1714 दिनांक : 22.09.2026

सेवा में,

थानाध्यक्ष,

मेडीकल कॉलेज, मेरठ।

महोदय,

छात्र/छात्राओं द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि विश्वविद्यालय परिसर में जगह–जगह गोपनीय विभाग, छात्र सहायता केन्द्र, प्रशासनिक भवन एवं मन्दिर के आसपास कुछ अराजकतत्व घूमते रहते हैं जो बाहरी छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों को कार्य कराने के सम्बन्ध में गुमराह करके अवैध धन वसूली करते हैं जिससे विश्वविद्यालय की छवि धूमिल होती है।

अतः अनुरोध है कि समय–समय पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ विश्वविद्यालय परिसर में पैट्रोलिंग के माध्यम से अराजक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनपर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. जिलाधिकारी, मेरठ को सादर सूचनार्थ।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सादर सूचनार्थ।
3. समस्त संकायाध्यक्षों/विभागाध्यक्षों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त परिसर छात्रों को आई–कार्ड निर्गत करते हुए उनको आई–कार्ड साथ रखने के निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।
4. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
5. छात्र कल्याण अधिष्ठाता को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. चीफ प्रोक्टर, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि पुलिस बल के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विश्वविद्यालय परिसर को अराजकतत्वों से मुक्त करने के सम्बन्ध में अपने स्तर से भी कार्यवाही करने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त परिसर में प्रमुख स्थानों पर इस आशय का नोटिस चस्पा करवाने का कष्ट करें कि कोई छात्र/छात्रा एवं अभिभावक अराजक तत्वों के सम्पर्क में न आये। इस सम्बन्ध में एक हेल्पलाइन नम्बर का भी प्रबन्ध करने का कष्ट करें।

कुलसचिव